हिन्दुस्तान
ई- पेपर Coins
होम राज्य देश IPL 2026 लाइव स्कोर VOICE OF UP मनोरंजन बि

भगवद्गीता जीवन में संघर्ष करना सिखाती है: आचार्य प्रशांत

Apr 26, 2026 05:38 pm IST
Newswrap हिन्दुस्तान, रिषिकेश

Preferred

प्रसिद्ध दार्शनिक आचार्य प्रशांत ने कहा कि भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह आत्मा को जगाने का साधन है। उन्होंने आंतरिक संघर्ष को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि गीता हमें हमारे भीतर की सच्चाई से सामना कराती है। आचार्य ने कहा कि बाहरी सुधार तभी संभव है जब हम अपने भीतर स्पष्टता लाएँ।

Story continues below advertisement

प्रसिद्ध भारतीय दार्शनिक, आध्यात्मिक शिक्षक और लेखक आचार्य प्रशांत ने कहा कि भगवद्गीता को केवल धार्मिक ग्रंथ मानना उसकी गहराई को सीमित करना है। गीता तुम्हें सुलाने के लिए नहीं, बल्कि जगाने के लिए है। यदि तुम गीता सुनने के बाद भी वैसे ही जी रहे हो जैसे पहले जी रहे थे, तो समझ लो कि तुमने गीता को वास्तव में सुना ही नहीं। रविवार को स्वामीनारायण आश्रम के सामने आस्था पथ पर वैचारिक जागरण सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की शुरुआत में आचार्य प्रशांत ने भगवद्गीता के युद्ध को बाहरी युद्ध के बजाय आंतरिक संघर्ष के रूप में समझाया।

Story continues below advertisement

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र कहीं बाहर नहीं है, बल्कि वह मनुष्य के भीतर ही है। उन्होंने कहा कि लोग यहां शांति खोजने आते हैं, लेकिन गीता शांति का वादा नहीं करती। गीता पहले हमारे भीतर के झूठ को तोड़ती है, और जब

प्रशांत ने कहा कि आज का मनुष्य सुविधा, सुरक्षा और सामाजिक मान्यता के पीछे इतना भाग रहा है कि उसने अपने भीतर झांकना ही छोड़ दिया है। जितना अधिक हम रिश्तों, पहचान और उपलब्धियों को पकड़कर रखते हैं, उतना ही डर बढ़ता जाता है। गीता का संदेश है कि जिसे हम पकड़कर रखते हैं, वही हमारा बंधन बन जाता है। पर्यावरण के विषय को जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि हम गंगा को मां कहते हैं, लेकिन उसी में गंदगी भी डालते हैं। यह श्रद्धा नहीं, बल्कि पाखंड है। जब तक भीतर स्पष्टता नहीं आएगी, तब तक बाहरी दुनिया में कोई वास्तविक सुधार संभव नहीं है।

लेखक के बारे में

Hindustan

हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने...और पढ़ें

Rishikesh Latest N

लेटेस्ट **Hindi News** , **बॉलीवुड न्यूज़**, **बिजनेस न्यूज़**, **टेक** , **ऑटो**, **करियर** , और **राशिफल**, पढ़ने के लिए Live